मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी مولانا آزاد نیشنل اردو یونیورسٹی

MAULANA AZAD NATIONAL URDU UNIVERSITY

(संसद के अधिनियम १९९८ द्वारा स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा "ए" ग्रेड प्राप्त)

दिनांक 12.11.2022 को संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप समिति का निरीक्षण

संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप-समिति द्वारा मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी, हैदराबाद के राजभाषा कार्यों का निरीक्षण किया गया।

राजभाषा समति ने शिक्षा मंत्रालय, यू.जी.सी. एवं मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थित में विश्वविद्यालय में हो रहे राजभाषा हिन्दी के कार्यों का अवलोकन किया । इस अवसर पर संसदीय राजभाषा समिति में राज्यसभा से माननीय श्री राम चन्द्र जांगड़ा (संयोजक), श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (लोकसभा), श्री श्याम सिंह यादव (लोकसभा), श्री धर्मेन्द्र कश्यप (लोकसभा) तथा राज्यसभा से श्री सुजीत कुमार एवं हरनाथ सिंह यादव की उपस्थिति रही। उप-समिति के अधिकारियों में श्री धर्मराज खटीक सचिव (समिति), श्री विक्रांत भाटिया (अनुभाग अधिकारी), श्री सहदेव सिंह (समिति रिपोर्टर) शामिल रहे। राजभाषा निरीक्षण का आरंभ प्रो.सैयद ऐनुल हसन, कुलपति, मानू, हैदराबाद के स्वागत भाषण तथा अंग वस्त्र एवं फूलों का गुलदस्ता माननीय समिति के सदस्यों को देकर किया गया। कुलपति महोदय ने विश्वविद्यालय में हो रहे कार्यक्रमों के विषय में सदस्यों को अवगत कराया। संसदीय समिति के सदस्यों ने विश्वविद्यालय में राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग में हुई प्रगति की जांच की तथा इस संबंध में विस्तार से चर्चा कर सुझाव दिए। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से श्री जगदीश राम पौरी, संयुक्त निदेशक(राजभाषा) तथा यू.जी.सी. से डॉ. अर्चना ठाकुर, संयुक्त सचिव(राजभाषा) सम्मिलित हुए।

मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी, हैदराबाद की राजभाषा अधिकारी डॉ. शगुफ़्ता परवीन ने विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मिलकर राजभाषा प्रदर्शनी भी लगाई जिसमें कार्यालय में हो रहे कामकाज को समिति के सदस्यों को दिखाया व समझाया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी-II प्रो.सिद्दीकी मोहम्मद महमूद तथा सदस्य राजभाषा कार्यान्वयन समिति के प्रो. करन सिंह ऊटवाल, डॉ. रवीन्द्र कुमार नायुडु, हिन्दी अनुवादक आदि उपस्थित थे।

संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप-समिति द्वारा मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी, हैदराबाद के राजभाषा कार्यों का निरीक्षण।

मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी مولانا آزاد نیشنل اردو یونیورسٹی

MAULANA AZAD NATIONAL URDU UNIVERSITY

(संसद के अधिनियम १९९८ द्वारा स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा "ए" ग्रेड प्राप्त)

संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप समिति के माननीय सदस्यों के साथ माननीय कुलपति, कुलसचिव, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी-II, संयुक्त सचिव (राजभाषा), यूजीसी, संयुक्त निदेशक (राजभाषा) शिक्षा मंत्रालय, राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य(मानू), हिन्दी अधिकारी तथा हिन्दी अनुवादक।